Total Pages : 8

# AB-232615

## M.A. ( Semester-II) Examination, June-2025

## ( Backlog )

## HINDI

## [ Paper : First ]

## ( Aadhunik Kavya )

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 70***

निर्देश : प्रश्न-पत्र चार खण्डों में विभक्त है। सभी चार खण्डों के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। अंकों का विभाजन प्रत्येक खण्ड में दिया गया है।

### खण्ड-अ

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

[10×1=10]

(i) आधुनिक काल को नवीन काल किसने कहा?

(अ) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ब) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(स) गुलाब राय

(द) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ii) आधुनिक हिन्दी साहित्य का पितामह किसे कहा जाता है?

(अ) बाबू गुलाब राय

(ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(स) बालकृष्ण भट्ट

(द) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(iii) 'प्रिय-प्रवास' की काव्य वस्तु किससे प्रभावित है?

(अ) रामायण से

(ब) भागवत पुराण से



(स) महाभारत से

(द) कुरान से

(iv) 'प्रिय-प्रवास' में कुल कितने सर्ग हैं?

(अ) पन्द्रह

(ब) सोलह

(स) सत्रह

(द) अट्ठारह

(v) खड़ी बोली हिन्दी के प्रथम महाकाव्य के प्रणेता का क्या नाम है?

(अ) हरिऔध जी

(ब) सुदामा जी

(स) निराला जी

(द) पंत जी

(vi) कामायनी का नायक कौन है?

(अ) मनु

(ब) श्रद्धा

(स) लज्जा

(द) घृणा

(vii) कामायनी में श्रद्धा किसका प्रतीक है?

(अ) मन का

(ब) बुद्धि का

(स) हृदय का

(द) शक्ति का

(viii) साहित्य के क्षेत्र में सर्वाधिक विरोध किसका हुआ है?

(अ) निराला

(ब) प्रसाद

(स) पंत

(द) दिनकर

(ix) महादेवी वर्मा को किस अलंकरण से सम्मानित किया गया था?

(अ) भारत रत्न

(ब) पद्म श्री



(स) पद्म विभूषण

(द) पद्म भूषण

(x) महादेवी वर्मा को 'सरस्वती' के नाम से कौन पुकारता था?

(अ) बाल गोविन्द

(ब) मैथिलीशरण गुप्त

(स) बाबू गुलाब राय

(द) बालकृष्ण भट्ट

(xi) 'द्विवेदी युग' नामकरण किसके नाम पर किया जाता है?

(अ) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(स) शांतिप्रिय द्विवेदी

(द) सोहनलाल द्विवेदी

(xii) प्रथम तार सप्तक का प्रकाशन कब हुआ?

(अ) 1933

(ब) 1943

(स) 1953

(द) 1963

## खण्ड-ब

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

2. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (शब्द सीमा 25-30 शब्द) [5×2=10]

(i) 'यमुना शोभा' के रचयिता कौन हैं?

(ii) 'प्रिय-प्रवास' की नायिका कौन है?

(iii) महादेवी वर्मा की विरहानुभूति।

(iv) पंत को किस प्रकार का कवि माना जाता है?

(v) काशी में प्रसाद-परिवार की ख्याति किस नाम से थी?

(vi) स्नेह निर्झर बह गया, भावार्थ।

## खण्ड-स

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

3. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए: [4×5=20]

(i) भारतेन्दु जी ने यमुना की शोभा का वर्णन किस प्रकार किया है?

(ii) 'बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ' में किस विचार को प्रगट करती है?



(iii) निराला के अभिव्यंजना शिल्प को बताइए?

(iv) 'प्रिय-प्रवास' का उद्देश्य बताइए।

## खण्ड-द

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश:** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [3×10=30]

(i) आधुनिक काल के साहित्य को प्रभावित करने वाली पृष्ठभूमि का विस्तार से वर्णन कीजिएं

(ii) निराला के काव्य में प्रगति चेतना को स्पष्ट कीजिए।

(iii) प्रसाद-काव्य में वर्णित प्रेम और सौंदर्य की युक्तियुक्त पूर्वक समीक्षा कीजिए।

(iv) कविवर सुमित्रानन्दन पंत के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(v) हिन्दी काव्य में 'साकेत' का स्थान निर्धारित कीजिए।

----x----